तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ

सत्रांत परीक्षा सत्र- 2019-20

कक्षा –तृतीय अनुभाग –अ / ब

विषय –हिन्दी | समय -2:30 घंटे | दिनांक- ....

विद्यार्थी का नाम - .... अनुक्रमांक-

दक्षताएं	पठन	लेखन					योग
		गद्य/पद्य	व्याकरण	सृजनात्मक लेखन	वर्तनी	सुलेख	
पूर्णांक	20	15	15	15	10	5	**80**
प्राप्तांक							

निरीक्षक के हस्ताक्षर .... परीक्षक के हस्ताक्षर ....

पठन

1. नीचे लिखे अपठित अनुच्छेद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

हमारे देश में सबसे सुंदर मौसम बसंत ऋतु का है | इसे ऋतुओं का राजा कहा जाता है | इस समय मौसम बहुत सुहावना होता है | न अधिक सर्दी होती है, न अधिक गर्मी होती है | इस समय वनों और बागों में रंग -बिरंगे फूल खिलते हैं | टेसू, गुलाब, चमेली आदि फूलों की शोभा निराली होती है । आम के पेड़ों पर कोयल मधुर स्वर में कूकने लगती है | खेतों में सरसों के पीले-पीले फूल खिल उठते हैं ।

१. किस मौसम को ऋतुओं का राजा कहा जाता है?

उत्तर____

२. इस मौसम में खिलने वाले फूलों के नाम क्या हैं?

उत्तर ____

३. कोयल किस फल के पेड़ पर बैठकर कूकती है?

उत्तर ____

४. सरसों के फूल का रंग कैसा होता है?

उत्तर____

५. रंगों को घेरा लगाइए - सफ़ेद   गाल   नीला   बाल

६. विलोम शब्द लिखिए : गरमी -__________

७. शुद्ध शब्द लिखिए : सारसो __________

८. बहुवचन लिखिए : वन -___________ बाग -___________

९. विशेषण शब्द पर रेखा खींचिये : रंगीन कागज

१०. वर्णों को सही क्रम में लगाकर शब्द बनाईए :

ब ला गु _________________

2. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए |

तीन भाई थे | एक दिन सुबह के समय तीनों नए घरों की तलाश में निकल पड़े | गरम- गरम धूप में वे सड़क पर चलते गए | थोड़ी देर में आम का एक पेड़ आया | उसके नीचे ठंडी छाया थी | तीनों भाई उसके नीचे आराम करने लगे | पेड़ के पके आम तोड़कर उनका मीठा -मीठा रस चूसने लगे | बड़े भाई ने कहा - भाई मुझे तो यही जगह पसंद है | आम कच्चे होंगे तो हम आचार बनायेंगे |

प्रश्न (1) कितने भाई थे?

उत्तर---

प्रश्न (2) वे किसकी तलाश में निकले?

उत्तर ---

प्रश्न (3) धूप कैसी थी?

उत्तर---

प्रश्न (4) वो किस पर चल रहे थे?

उत्तर---

प्रश्न (5) थोड़ी देर में किसका पेड़ आया?

उत्तर---

प्रश्न (6) पेड़ की छाया कैसी थी ?

उत्तर---

प्रश्न (7) तीनों भाइयों ने पेड़ के नीचे क्या किया ?

उत्तर---

प्रश्न (8) खाली स्थान भरिए-

पेड़ के पके आम तोड़कर उनका ---------------------- रस चूसने लगे

प्रश्न (9) कच्चे आम का क्या बनता है ?

उत्तर---

प्रश्न (10) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

उत्तर---

लेखन

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (VSA-1X5=5)

प्रश्न (1) 'मिर्च का मज़ा' कविता के कवि का नाम लिखिए-

उत्तर) ---

प्रश्न (2) मीरा बहन का जन्म कहाँ हुआ था ?

उत्तर--

प्रश्न (3) दोनों बिल्लियों के बीच झगड़े की जड़ क्या थी ?

उत्तर) --

प्रश्न (4) अवन्ती ने किस चीज़ की दुकान खोली?



उत्तर--

प्रश्न (5) तीनों भाई किस मौसम में घर की तलाश में निकले?

उत्तर --

लघु उत्तरीय प्रश्न (SA-2X5=10)

प्रश्न (6) गुरूजी को कहाँ और किसलिए जाना था ? .

उत्तर--

प्रश्न (7) काबुलीवाले ने मिर्च को स्वादिष्ट फल क्यों समझ लिया था ?

उत्तर--

प्रश्न (8) पेड़ से हमें क्या-क्या मिलता है ?



उत्तर--

प्रश्न (9) नाना मुझे झाड़-फूँक वाले आदमी के पास क्यों ले गए?

उत्तर---

प्रश्न (10) तुम्हें कौनसा पेड़ पसंद है और क्यों ?

उत्तर---

<u>व्याकरण</u>

1) संज्ञा शब्द पर गोला लगाईए-

(अ) राम एक अच्छा लड़का है।

2) लिंग बदलिए-

(अ) बाघ________________ (ब) हथिनी ________________

3) वचन बदलिए-

(अ) टहनी ____________________ (ब) रोटी ________________

4) पर्यायवाची शब्द लिखिए-

(अ) पेड़ _____________ ________________

(ब) कमल _____________ _______________

5) विलोम शब्द लिखिए-

(अ) हार__________________ (ब) नीचा__________________

6) तुक वाले शब्द लिखिए-

(अ) रोटी____________________ (ब) कहानी____________________

7) मुहावरे का अर्थ लिखिए :-

(अ) आँख दिखाना ______________________________

(ब) आँख का तारा होना ________________________

8) निम्न शब्दों को शब्दकोष के अनुसार क्रम में सजाकर लिखिए-

अमन, सीता, पापा, भाई

__________ __________ __________ __________

रचनात्मक लेखन



प्रश्न-(1) बाघ/ साँप के बारे में पाँच वाक्य लिखिए।

प्रश्न-(2) नीचे दिए गए पेड़ के बारे में पांच वाक्य लिखिए-

प्रश्न-(3) अपने चाचाजी को पत्र लिखकर अपने विद्यालय के बारे में बताईये-

अथवा

तीन दिनों के अवकाश के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य जी को
प्रार्थना-पत्र लिखिए-

वर्तनी

शुद्ध शब्द को गोला लगाईए-

१॰ पीसवाना	पिसवाना	पिस्सवाना
२॰ दोस्त	दोष्ट	दोश्ट
३॰ सबजी	सब्बजी	सब्ज़ी
४॰ विद्यालय	बिधायलाया	बिद्यालय
५॰ ख़ूश	खुश्ह	ख़ुश
६. रोटिया	रोटियाँ	रोटिया
७. पथर पाठर पत्थर		
८. रंगीन	रांघिन	रंगिण
९. मासटर	मस्तीर	मास्टर
१०. मिठी	मिट्टी मीटि	

सुलेख

श्रम की अवज्ञा के परिणाम का सबसे ज्वलंत उदाहरण है - हमारे देश में व्याप्त शिक्षित वर्ग की बेकारी। हमारा शिक्षित युवा वर्ग शारीरिक श्रमपरक कार्य करने से परहेज करता है। वह यह नहीं सोचता कि शारीरिक श्रम परिणामतः कितना सुखदायी होता है। पसीने से सिचिंत वृक्ष में लगने वाला फल कितना मधुर होता है। "दिन अस्त और मजदूर मस्त " इसका भेद जानने वाले ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों को यह परामर्श दिया था कि तुम केवल पसीने की कमाई खाओगे। पसीना टपकने के बाद मन को संतोष और तन को सुख मिलता है ।